बिहार सरकार
पथ निर्माण विभाग

(कार्यालय आदेश) – 56

का०आ०सं०–प्र०2 / स्था०–विविध–12–16 / 2024 पटना, दिनांक 19/2/26

पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना अन्तर्गत नियुक्त सहायक अभियंताओं की सेवा सम्पुष्टि के संबंध में सूचित करना है कि विभाग के अन्तर्गत कार्यरत सहायक अभियंताओं की सेवा सम्पुष्टि की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। इस हेतु निम्नलिखित सूचनाएँ / दस्तावेज अविलम्ब वांछित है।

⇨ पैतृक विभाग में प्रथम पदस्थापित कर्मियों हेतुः–

(i) विभाग में प्रथम योगदान प्रतिवेदन की प्रति।

(ii) विभागीय एवं व्यावसायिक परीक्षा उत्तीर्णता प्रमाण पत्र।

(iii) प्रभार ग्रहण प्रतिवेदन (Form-202) की प्रति।

(iv) प्रतीक्षा अवधि का विनियमन आदेश (यदि प्रभार ग्रहण में विलंब हुआ हो)

⇨ अन्य विभाग / निगम में प्रति नियोजित एवं प्रभार ग्रहण में विलम्ब वाले कर्मियों हेतुः–

(i) पदस्थापन के पश्चात प्रभार ग्रहण प्रतिवेदन (Form-202) की प्रति।

(ii) यदि Form-202 पर प्रभार विलम्ब से ग्रहण किया गया है तो प्रभार के मध्य की प्रतीक्षा अवधि के विनियमन / सामंजस्य संबंधी प्रतिवेदन की प्रति।

अतः उक्त वर्णित के आलोक में निदेशित किया जाता है कि सभी संबंधित सहायक अभियंता उक्त वर्णित प्रतिवेदन / अभिलेख इस पत्र के निर्गत होने के 15 (पन्द्रह) दिनों के अन्दर इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि सेवा सम्पुष्टि की दिशा में अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके।

ह० / –
(कृष्ण चन्द्र श्रीवास्तव)
अवर सचिव (प्र०को०)

ज्ञापांक– प्र०2 / स्था०–विविध–12–16 / 2024 **पटना,दिनांक**.................

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख (मुख्यालय / कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना / अभियंता प्रमुख, तकनीकी परीक्षा कोषांग, निगरानी विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना / मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना / निदेशक, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, उद्योग विभाग, बिहार, पटना / निदेशक, बिहार चिकित्सा सेवा एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड (स्वास्थ्य विभाग) / मुख्य अभियंता, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम लिमिटेड / निदेशक, पर्यटन विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / सभी अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग / निदेशक, परीक्षण शोध संस्थान, पथ निर्माण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(i) अनुरोध है कि सेवा सम्पुष्टि से संबंधित अर्हत्ता प्राप्त सहायक अभियंताओं को वांछित प्रतिवेदन यथाशीघ्र उपलब्ध कराने हेतु अपने स्तर से निदेशित करने की कृपा की जाय।

ह० / –
अवर सचिव (प्र०को०)

D:\BINOD FOLDER (SECTION-2)\RAVI KUMAR\Deputation Office Order (08-05-2024).doc

P.T.O.

ज्ञापांक– प्र०2 / स्था०–विविध–12–16 / 2024 1624 (S) पटना,दिनांक 19/2/26

प्रतिलिपिः– IT Manager पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को कार्यालय आदेश की प्रति विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

19.02.2026

अवर सचिव (प्र०को०)

D:\BINOD FOLDER (SECTION-2)\RAVI KUMAR\Deputation Office Order (08-05-2024).doc